तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 2 मई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



प्रदेश में विकास कार्य ठप, गौठानों की स्थिति बदहाल... 13





राशन दुकानों में 3 महीने का स्टॉक रखना जरूरी... 12




## खबर संक्षेप

### 8वीं बोर्ड में एकता ने लहराया परचम

**बेमेतरा।** कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर बेमेतरा की



छात्रा एकता सिन्हा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस शानदार सफलता से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। एकता सिन्हा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता होरी लाल सिन्हा की सुपुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के शिक्षकों, परिजनों एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, एकता शुरू से ही मेधावी छात्रा रही हैं और उन्होंने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उनकी इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

### दरख्शा फातिमा12वीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

**थान खमरिया।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा



घोषित हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम 2026 में एसएजीईएस थान खमरिया की छात्रा दरख्शा फातिमा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। दरख्शा फातिमा ने कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 377 अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की। शेष पेज 12 पर

## अभियान : घर-घर पहुंच रहे प्रगणक अधिकारी, 29 बिन्दुओं में ले रहे जानकारी

# जनगणना का प्रथम चरण शुरू, शौचालय वाहन व पेयजल स्रोत की मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण"मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य शुक्रवार से तहसील मुख्यालय थान खम्हरिया नगर सहित ग्रामीण अंचलो मे शुरू हो गया, उक्त कार्य 30 दिनों की अवधि मे संचालित किया जाएगा। जनगणना के लिए नगर पंचायत के 15 को 17 ब्लॉक में बांटा गया है। वार्ड क्रमांक 14 व 15 को जनसंख्या के आधार पर 02 ब्लॉक बनाया गया है। आज नगर पंचायत के सभी ब्लॉक व ग्राम पंचायतों में प्रगणक अधिकारी घर घर पहुंचकर सभी 29 बिन्दू की जानकारी आनलाईन पद्धति से बेबसाईड मे अपलोड किया कर रहे है। मकान गणना का यह चरण जनगणना प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण भाग है, जिसके माध्यम से प्रत्येक आवासीय एवं गैर-आवासीय भवन, मकान की स्थिति, उपयोग एवं उपलब्ध सुविधाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी। इसके अलावा इस चरण मे परिवार संबंधी जानकारी,सुविधाएं तथा परिसंपत्तिया जैसे टेलीविजन, इंटरनेट सुविधा, लैपटाप, कम्प्यूटर, मोबाईल, सायकल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार तथा जीप तक की जानकारी प्रगणकों को देनी पड़ रही है। डिजिटल इंडिया के अंतर्गत इस बार आम जनता की का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। आनलाईन डिजिटल सुविधा के लिए इच्छुक नागरिकों ने 16 अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी स्वयं अपने परिवार एवं मकान से संबंधित जानकारी दर्ज करा चुके हैं। जनगणना कार्य के इस चरण के अंतर्गत 29 बिन्दुओ पर जानकारी एकत्रित की जा रही है, प्रत्येक भवन एवं मकान की संख्या, स्थिति एवं प्रकार, मकान का उपयोग, आवासीय/व्यावसायिक/अन्य, निर्माण की प्रकृति कच्चा/पक्का/अर्ध-पक्का, परिवारों की संख्या एवं उनके आवासीय विवरण, उपलब्ध बुनियादी सुविधाएं, जैसे- पेयजल की उपलब्धता, शौचालय की सुविधा, विद्युत कनेक्शन, रसोई गैस/ईंधन का प्रकार, इंटरनेट/संचार जैसे सुविधाएं यह जानकारी देश की सामाजिक-आर्थिक योजनाओं, शहरी एवं ग्रामीण विकास, आवास योजनाओं, जल एवं स्वच्छता कार्यक्रमों तथा बुनियादी ढांचे के विकास हेतु अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

■ डिजिटल पद्धति से गणना, 17 ब्लॉकों में बंटा नगर




**ग्रामीण अंचलों में एक साथ शुरुआत:** ग्राम पंचायत कोपेडबरी, उमरावनगर, टिपनी, बनरांका, चिखली, सौरी, खाती, सैगोना, कन्हेरा,कारेसरा, घिवरी, दर्री, हाड़ाहुली, खपरी, टेंढी, करमू, हाटरांका,बरगा, चीजगांव, खैरझिटीकला, श्यामपुरकांपा,पेण्ड्रीकला, ओड़िया, कन्हेरा तथा ठेलका जैसे पंचायतो में एकसाथ शुरू हुआ। नायब तहसीलदार मोरध्वज साहू ने कहा कि जनगणना देश की सबसे व्यापक प्रशासनिक प्रक्रिया है, जो सरकार को जनसंख्या, आवास एवं बुनियादी सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का आंकलन करने में सहायता प्रदान करती है। इससे प्राप्त आंकड़ों के आधार पर भविष्य की योजनाएं अधिक प्रभावी एवं समावेशी बनाई जाती हैं।

## कोठार में भड़की आग, 3 ट्रॉली पैरा राख ग्रामीणों ने दिखाई तत्परता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

ग्राम समेशर में गुरुवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया, जब एक किसान के कोठार में रखे पैरा (पशुओं के चारे) में अचानक आग लग गई। घटना दोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम समेशर निवासी मंतराम ध्रुव (57 वर्ष), पिता सभाराम के कोठार में रखा लगभग 3 ट्रॉली पैरा अचानक आग की चपेट में आ गया। आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि तेज गर्मी या किसी चिंगारी के कारण यह हादसा हुआ हो सकता है। आग की लपटें और धुआं उठता देख आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। बिना समय गंवाए ग्रामीणों ने स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक तरीकों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया।

काफी मशक्कत के बाद आग को बुझा लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। बताया जा रहा है कि यह पैरा घर के पालतू मवेशियों के लिए चारे के रूप में रखा गया था। आग में पूरा पैरा जलकर नष्ट हो गया, जिससे किसान को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों की सतर्कता और एकजुटता के चलते आग को फैलने से रोक लिया गया, वरना शेष पेज 12 पर






## दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, सिग्नल चौक के पास सेवा और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। आयुष्मान सेवा संस्थान एवं आयुष्मान हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में विशाल भंडारा एवं प्रसादी वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं राहगीर शामिल हुए। इस पुनीत अवसर पर समाजसेवी गिरीश 'बिट्टू' शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया। कार्यक्रम में उपस्थित भक्तों ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से प्रसादी ग्रहण की और आयोजन की सराहना की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना रहा। पूरे कार्यक्रम के दौरान गिरीश 'बिट्टू' शर्मा एवं उनकी टीम ने व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित तरीके से संभाला, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप

### पंजाबी मेहरा महासभा की नई कमेटी का चुनाव 3 को

**भिलाई।** पंजाबी मेहरा महासभा की नई कमेटी का चुनाव 3 मई को संध्या 5 बजे गुरुद्वारा साहिब केम्प-1 में रखा गया है। किसी भी पद के इच्छुक व्यक्ति समय से 10 मिनट पहले आकर अपना नाम नोट करा सकते हैं।

### आज से ढाई सौ बीएसपी कर्मी घर-घर देंगे दस्तक

**भिलाई।** कल शुक्रवार से शुरु हो रहे जनगणना महाभियान में भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी भी घर घर दस्तक देंगे। राज्य शासन के कर्मचारियों के साथ करीब ढाई सौ बीएसपी कर्मचारी जनगणना कार्य करेंगे। कर्मियों की जनगणना टीम करीब चालीस हजार घरों तक पहुंचेगी। जनगणना कार्य के लिए जिला प्रशासन द्वारा राज्य शासन के साथ केंद्र व सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर द्वारा बीएसपी प्रबंधन से जनगणवी कार्य के लिए पांच सौ कर्मचारी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए थे। सूत्रों के मुताबिक प्रबंधन द्वारा मेन पावर कम होने का कारण बताते हुए ढाई सौ कर्मचारी ही उपलब्ध कराए गए हैं। इन बीएसपी कर्मचारियों अलावा नगर निगमों, पालिकाओं आदि राज्य शासन के विभिन्न विभागो के कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई है।

### सेवानिवृत्त कार्मिकों को बीएसपी प्रबंधन ने दी विदाई




**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अप्रैल माह में 83 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। इसमें खदान बिरादरी के 6 सदस्यों सहित 12 कार्यपालक व 65 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। कार्यपालकों के लिए विदाई समारोह इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में किया गया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया तथा उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए स्वस्थ एवं सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं इसके अलावा भिलाई निवास में आयोजित समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। महाप्रबंधक प्रभारी एबी श्रीनिवास, जे एन ठाकुर और डीजीएम राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

### चैंपियनशिप में भाग लेंगे छत्तीसगढ़ से आर. राजेन्दन

**भिलाई।** एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप अंडर 15 और अंडर 17 बालक/बालिका एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप ताशकंद ( उज्बेकिस्तान) 03 से 15 मई 2026 तक आयोजित होने जा रही है। इस प्रतियोगिता में भारतीय मुक्केबाजी टीम में छत्तीसगढ़ प्रदेश एमोचर बॉक्सिंग एशोसिएशन के अध्यक्ष आर. राजेन्द्रन को विश्व मुक्केबाजी संघ ने एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप को सफलता पूर्वक सम्पन्न के लिए आइटीओ ( अंतर्राष्ट्रीय टेक्निकल आफिशियल) के पद नियुक्ति किया गया है। यह भारतीय मुक्केबाजी महासंघ एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश एमोचर बॉक्सिंग एशोसिएशन के लिए गौरव की बात है, इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ बॉक्सिंग संघ के सभी पदाधिकारिगण जिले के आफिशियल एवं प्रशिक्षकों नें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### मां की दुलार किट से सजेगा बेटियों का बचपन : विधायक रिकेश

**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रिकेश सेन ने मां का दुलार - मां शिशु सुरक्षा कवच योजना का आगाज किया है। इस योजना के तहत 1 मई मजदूर दिवस और बुद्ध पूर्णिमा के बाद जन्म लेने वाली हर बेटी को विधायक की ओर से एक विशेष गिफ्ट ट्रॉली सूटकेस भेंट किया जाएगा, जिसमें नवजात और मां की जरूरत का हर सामान मौजूद होगा। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि वे खुद एक गरीब परिवार में जन्मा है और उन्होंने देखा है कि कैसे संसाधनों के अभाव में माताओं को पुराने गंदे कपड़ों का इस्तेमाल करना पड़ता था। वे चाहते हैं कि वैशाली नगर में जन्म लेने वाली हर बेटी को अमीरों जैसी सुख-सुविधा मिले। विधायक द्वारा दी जाने वाली इस ट्रॉली में कुल 25 से अधिक ब्रांडेड सामग्रियां शामिल हैं, जिन्हें विशेष रूप से बाहर से मंगवाया गया है।

# लावातरा हाईस्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत लगातार तीसरे साल भी कायम रहा रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में बेरला विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल लावातरा ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। खास बात यह है कि विद्यालय पिछले लगातार तीन वर्षों से 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम दर्ज कर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का लोहा मनवा रहा है। इस वर्ष कक्षा 10वीं में अध्ययनरत कुल 30 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें सभी विद्यार्थी सफल रहे। इनमें से 22 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 8 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। परिणाम की गुणवत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 3 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 6 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए।

- शिक्षकों व जनप्रतिनिधियों ने मिठाई खिलाकर दी बधाई

विद्यालय में कु. नंदिनी रजक ने 91.83 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कु. वैष्णवी साहू ने 91.33 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय तथा कु. भावना साहू ने 91.16 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा डाली साहू (88%), भुनेश्वरी साहू (85.83%), चंदन साहू (84.66%), खुशबू निर्मलकर (82.83%), मोनिका निषाद (81.83%) और खेमलाल साहू (80.33%) ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य राकेश कुमार ने इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि योजनाबद्ध तैयारी, नियमित मार्गदर्शन और शिक्षकों की मेहनत का ही यह सकारात्मक परिणाम है। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं रविशंकर देशलहरे, भुवन लाल साहू, अनुज राम साहू, शोभास्विनी मेटिया, शहनाज बानो खान, जमुना साहू, हेमचंद साहू, टीकाराम साहू, वीणा देवी सारथी, अब्राहम एक्का, ओंकार प्रसाद साहू, दिनेश कुमार साहू, लीलेश्वरी ठाकुर, वंदना यादव और धन्ना साहू—ने भी विद्यार्थियों की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## टॉप छात्रों का घर-घर जाकर सम्मान



### बालिकाओं ने फिर लहराया परचम

इस वर्ष भी बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का परचम लहराया। टॉप-10 सूची में 8 बालिकाओं और 2 बालकों ने स्थान बनाकर बेटियों की प्रतिभा को साबित किया। परिणाम घोषित होने के बाद गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा। सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर साहू के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने टॉप करने वाली छात्राओं—नंदिनी रजक, वैष्णवी साहू और भावना साहू के घर जाकर उन्हें पुष्पहार पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इसी क्रम में विद्यालय की पूर्व छात्रा कु. खुलेश्वरी साहू (91%), जो वर्तमान में प्रयास विद्यालय बिलासपुर में अध्ययनरत हैं, का भी विशेष रूप से सम्मान किया गया।

### ये रहे उपस्थित

ग्राम पंचायत के उपसरपंच गणपत साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष सीताराम साहू, पंच टोमन साहू, संतराम पाटिल, टेकराम साहू, लालाराम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। गौरतलब है कि सरपंच प्रतिनिधि एवं पंचायत द्वारा विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए घर-घर जाकर सम्मान करने की यह पहल पिछले वर्ष से लगातार जारी है, जिसे ग्रामीणों ने सराहनीय और प्रेरणादायक बताया।

## सौ करोड़ मासिक घाटा बताकर बेचने की कवायद, सीटू ने किया विरोध

# सेक्टर 9 हास्पिटल के निजीकरण का होगा पुरजोर विरोध, यूनियनें, ओए और संगठन होंगे एकजुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इस्पात संयंत्र के सेक्टर 9 जेएलएन हास्पिटल को निजी हाथों में दिए जाने के लिए फिर से प्रक्रिया शुरु हो गई है। इसके खिलाफ में यूनियनों, आफिसर्स एसोसिएशन और राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों को एकजुट किया जा रहा है। सीटू यूनियन ने प्रबंधन को चेताया है कि अस्पताल के घाटे को आधार बनाकर इसके निजीकरण किए जाने का सभी संगठनों को लामबंद कर पुरजोर विरोध किया जाएगा। गौरतलब हो कि पिछले वर्ष डिलाइट कंसल्टेंसी एजेंसी बीएसपी के सेक्टर-9 अस्पताल का सर्वे कर इस अस्पताल को निजी हाथों में देने संबंधी अपना परामर्श दिया था। सीटू के मुताबिक तब से लेकर अब तक किसी न किसी रूप में जेएलएन सेक्टर नौ को बेचने की साजिश जारी है और इसकी प्रक्रिया जारी है। अस्पताल पर हर माह हो रहे खर्च को आधार बनाया जा रहा है। दिल्ली से यह कहा जा रहा है कि अस्पताल पर हर महीने 100 करोड़ रुपये से अधिक खर्च हो रहा है, इसलिए इसे निजी हाथों में सौंप देना चाहिए। सीटू ने आगाह किया है कि अस्पताल को बेचे जाने की इस इस साजिश के खिलाफ सभी ट्रेड यूनियनों, ऑफिसर एसोसिएशन, राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों को साथ लेकर जन लामबंदी कर विरोध किया जाएगा।

### अधिकतर बीएसपी कर्मी व सेवानिवृत्त को इलाज की दरकार



### डॉक्टरों की भर्ती पर रोक

सीटू का आरोप है कि कॉरपोरेट कार्यालय द्वारा डॉक्टरों की भर्ती पर जानबूझकर रोक लगाई गई है। कभी-कभार भर्ती की सूचना में अनुबंध की शर्तें और वेतन पैकेज ऐसे होते हैं कि योग्य डॉक्टर आकर्षित नहीं होते। जो डॉक्टर आते भी हैं वे बाद में आने की बात करके छुट्टी लेकर जाते है और वापस नहीं लौटते। हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में एक महिला डॉक्टर की भर्ती की गई, लेकिन उन्हें स्थायी नियुक्ति के बजा संविदा पर रखकर इतना परेशान किया गया कि वे नौकरी छोड़कर चली गईं।

### पीजी कालेज के साथ उपचार भी

अस्पताल को नो प्रॉफिट-नो लॉस के आधार पर चलाने के लिए सीटू पहले भी इसे मेडिकल कॉलेज अथवा पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में बदलने का सुझाव दे चुका है। वर्तमान में सेक्टर-9 अस्पताल में डीएनबी कोर्स संचालित हो रहा है, जिसमें सभी विभागों में एमबीबीएस डॉक्टर डीएनबी की पढ़ाई के साथ मरीजों का उपचार कर रहे हैं। यूनियन के अनुसार यदि इसे पूर्ण रूप से पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में परिवर्तित किया जाता है, तो यहाँ प्रोफेसरों की नियुक्ति होगी और अधिक मेडिकल विद्यार्थी आएंगे, जिससे अस्पताल और सशक्त रूप से संचालित किया जा सकेगा।

### महंगे इलाज से निजी मरीजों से दूरी

सीटू नेताओं का कहना है कि प्रबंधन अस्पताल से निजी (नॉन-बीएसपी) मरीजों को दूर करने के लिए आपातकालीन सेवाओं, ओपीडी, आईपीडी, आईसीयू और मेडिकल जांचों की दरों में अत्यधिक वृद्धि की गई। इससे बाहरी मरीजों का आना धीरे-धीरे कम हो गया और उनसे होने वाली आय में गिरावट आई। यूनियन इन दरों का अध्ययन कर रहा है और जल्द ही अस्पताल तथा संयंत्र प्रबंधन को सुझाव देगा।

### अत्याधुनिक उपकरणों से है लैस

सेक्टर-9 अस्पताल में कई अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं, जो भिलाई ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के बड़े अस्पतालों में भी नहीं हैं। इनमें 3 टेस्ला एमआरआई मशीन, कैंसर जांच उपकरण, विभिन्न प्रकार की ब्लड जांच मशीनें और सीटी स्कैन मशीन प्रमुख हैं। अस्पताल में पुरानी बिल्डिंग के साथ 7 मंजिला नई इमारत, आधुनिक बर्न यूनिट, सुसज्जित ऑपरेशन थिएटर, नवजात शिशु इकाई , आधुनिक ब्लड बैंक, आईसीयू, कैथ लैब, चेस्ट वार्ड, मनोरोग वार्ड और कैंसर यूनिट उपलब्ध हैं। अस्पताल में 850 बिस्तर हैं और प्रत्येक बिस्तर तक ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध है। इसके लिए अस्पताल का अपना ऑक्सीजन प्लांट भी है जो कोरोना में संजीवनी साबित हुआ।

### बीमारी से ग्रस्त होने से अस्पताल जरूरी

बीएसपी में 30 वर्षों की सेवा के दौरान अधिकांश कर्मियों के 10 वर्षों तक सी शिफ्ट में काम करने से उन्हें पर्याप्त नींद नहीं मिलती और कई प्रकार की बीमारियाँ हो जाती हैं। इसलिए नौकरी के दौरान और सेवानिवृत्ति के बाद भी अस्पताल की आवश्यकता बनी रहती है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा यहां दरें बढ़ाने के बाद भी जहां निजी मरीजों की संख्या घटी है वहीं स्थाई व रिटार कर्मियों की तादाद बढ़ी है। यदि अस्पताल को बेचने की कोशिश की गई, तो बीएसपी कर्मचारियों द्वारा भी इसका पुरजोर विरोध करेंगे।

# भाजपा ने खोला भिलाई महापौर और आयुक्त के खिलाफ मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई में व्याप्त भ्रष्टाचार, आर्थिक अनियमितताओं एवं जनविरोधी कार्यों के विरोध में 4 मई को भाजपा द्वारा नगर निगम भिलाई का घेराव व प्रदर्शन करेगी। इस आंदोलन का नेतृत्व भाजपा की 6 सदस्यीय समिति करेगी।

- 4 मई को करेंगे घेराव व प्रदर्शन

गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय भिलाई में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिलाई जिला संगठन प्रभारी रामजी भारती की उपस्थिति में भाजपा पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में भाजपा द्वारा गठित 6 सदस्यीय समिति द्वारा नगर निगम भिलाई में महापौर एवं आयुक्त द्वारा किए जा रहे विभिन्न आर्थिक अनियमितताओं एवं कथित भ्रष्टाचार के मामलों की समीक्षा प्रस्तुत की गई। समिति ने विशेष रूप से शिक्षा उपकर संचित निधि, 1248 भूखंडों की नीलामी से प्राप्त राशि के उपयोग, संजय नगर तालाब के समीप स्थित व्यावसायिक भूमि के बिना शासन अनुमति कराए गए ऑक्शन तथा निगम सामान्य सभा के पारित संकल्पों के विरुद्ध जाकर किए जा रहे कार्यों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। बैठक में नगर निगम भिलाई आयुक्त की कार्यप्रणाली पर भी गहरा असंतोष व्यक्त किया गया। भाजपा पार्षदों ने आरोप लगाया कि महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त की मिलीभगत से निगम में वित्तीय अनियमितताओं को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा जनहित की उपेक्षा की जा रही है। बैठक में जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम देवांगन, संगठन प्रभारी रामजी भारती ने अपने विचार रखे। बैठक में भाजपा की 6 सदस्यीय जांच एवं संघर्ष समिति में संयोजक श्याम सुंदर राव, सदस्य महेश वर्मा, भोजराज सिन्हा , दया सिंह, पीयूष मिश्रा , वीणा चंद्राकर शामिल रहे।

### खुर्सीपार में सीवरेज कार्यों का निरीक्षण



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर सीवरेज लाईन से संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा प्रस्तावित कार्यों को समय पर प्रारंभ कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निगम आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 42 गौतम नगर में निर्माणाधीन सिवरेज लाईन का अवलोकन किया। कुछ स्थानों पर पाइप लाइन नागरिकों के घरों के समीप से गुजरने पर संबंधित रहवासियों को समझाइश दी गई। इसी प्रकार वार्ड 43 गुरु घासीदास नगर से जलाराम चौक तक प्रस्तावित सीवरेज लाईन संधारण कार्य के लिए स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भगत सिंह चौक, शिव मंदिर स्थित केनाल रोड पर चल रहे सिवरेज पाइप लाइन संधारण कार्य का भी अवलोकन किया गया।

# महिला आरक्षण को लेकर भाजपा पर भड़के देवेंद्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण के नाम पर भाजपा अपनी राजनीति बचाने और सत्ता में बने रहने का प्रयास कर रही है, लेकिन देश की महिलाएं अब इस रणनीति को समझ चुकी हैं।



यादव ने आरोप लगाया कि अब इसी मुद्दे के जरिए छत्तीसगढ़ की महिलाओं को भी गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा यह भ्रम फैला रही है कि कांग्रेस महिला आरक्षण का विरोध करती है, जबकि सच्चाई इससे उलट है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस चाहती है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा की 90 सीटों में महिला आरक्षण लागू किया जाए और देशभर में वर्तमान व्यवस्था के तहत 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए। विधायक यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें महिलाओं की वास्तविक चिंता नहीं है, बल्कि वे इस मुद्दे पर सिर्फ राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति समाज की सबसे बड़ी ताकत है और उसे गुमराह करने का प्रयास सफल नहीं होगा। भाजपा की विचारधारा पर सवाल उठाते हुए यादव ने कहा कि आरएसएस के इतिहास में महिलाओं को पर्याप्त स्थान नहीं मिला, ऐसे में महिला आरक्षण को लेकर भाजपा का रुख संदिग्ध है। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए परिसीमन के जरिए सीटों के सीमांकन को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रही है। यह उनके डर को दर्शाता है कि आने वाले समय में वे सरकार नहीं बना पाएंगे। यादव ने कहा कि कांग्रेस संविधान की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और सत्ता में आने पर महिला आरक्षण लागू कर दिखाएगी।

- कहा–महिलाओं को गुमराह करने की कोशिश

# निगम कार्यालय को कबाड़ मुक्त कर आयुक्त ने कोष में जमा करावाए 12 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के निर्देश का पालन करने रिसाली निगम बेहद संजीदा है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने पहल करते रिसाली निगम कार्यालय को कबाड़ मुक्त कराने में सफल हुई है। कबाड़ से ही निगम को 12 लाख की आय हुई है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री ने 20 अप्रैल को समीक्षा बैठक करते निर्देश दिए थे कि कार्यालय में अनुपयोगी वस्तु को हटाए। विधिवत कार्यवाही कर कबाड़ को बेचे। इस बैठक के बाद आयुक्त मोनिका वर्मा ने बिना देरी किए औपचारिकता पूरी कर कार्यालय के अलग-अलग स्थानों में रखे कबाड़ को निलामी प्रक्रिया के तहत हटाने की प्रक्रिया पूरी की। इस प्रक्रिया में कबाड़ से ही निगम को 12 लाख रूपए की आय हुई है। खास बात यह है कि आयुक्त ने पहले से कबाड़ में रखे सामानों को सूचीबद्ध करा लिया था। प्रदेश की राजधानी में हुई मंत्री के समीक्षा बैठक में निर्देश मिलते ही प्रक्रिया में तेजी लाई गई। आयुक्त ने ऑनलाईन नीलामी प्रक्रिया को पूरा करने की जिम्मेदारी राजस्व विभाग एवं टैक्स प्रभारी रवि श्रीवास्तव को दी थी।

- विभागीय मंत्री अरूण साव ने समीक्षा बैठक में दिए थे निर्देश



### पांच वर्ष से जमा था कबाड़

मंत्री के निर्देश के बाद प्रदेश का यह पहला निकाय है जहां पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कबाड़ को ऑनलाईन निलाम प्रक्रिया से हटाया गया है। निगम गठन के पश्चात यह पहला अवसर है जब कबाड़ की निलामी प्रक्रिया पूरी की गई है। इस प्रक्रिया के तहत कार्यालय के अलग-अलग स्थानों में रखे 20 से अधिक प्रकार के कबाड़ की बिक्री की जा रही है। इसमें पुराने अखबार, खुले में रखे खराब इलेक्ट्रीकल समान, ई वेस्ट, जल विभाग के जंग लगे पाईप, टुटे फुटे सिंटेक्स टैंक आदि शामिल है।

### एमएसटीसी से हुई निविदा

कबाड़ को बेचने निगम ने एमएसटीसी (भारत सरकार का उपक्रम मेटल स्क्रेप, ट्रेंडिंग कंपनी) को सामानों की सूची संलग्न कर प्रस्ताव भेजा था। इसी प्रस्ताव के आधार पर ऑनलाईन निविदा जारी की गई थी। निविदा पश्चात 10 राष्ट्रीय स्तर की कबाड़ व्यापारियों ने बोली लगाते हुए निविदा में शामिल हुए थे। प्रक्रिया के पश्चात चयनित कबाड़ व्यापारी ने दो दिन पूर्व बोली की राशि में से 10 प्रतिशत की राशि और गुरूवार को शेष राशि जमा कर औपचारिकता पूरी की। बाद में सम्पूर्ण राशि गुरूवार को जमा कराकर औपचारिकता पूरी की है।

## पेज 11 के शेष

### कोठार में भड़की आग...

यह आसपास के अन्य घरों और कोठारों तक भी पहुंच सकती थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए जागरूकता और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

### दरख्शा फातिमा12वीं ...

विषयवार प्रदर्शन में उन्होंने हिंदी में 76, अंग्रेजी में 80, भौतिकी में 62, रसायन शास्त्र में 82 तथा जीव विज्ञान में 77 अंक अर्जित किए, जो उनकी मेहनत और लगन को दर्शाता है। इस उपलब्धि पर छात्रा के पिता सैय्यद अतीफ अली सहित परिवारजनों में हर्ष का माहौल है। वहीं विद्यालय परिवार ने भी छात्रा की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। दरख्शा फातिमा की इस उल्लेखनीय सफलता से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे नगर का मान बढ़ा है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

### दक्षिणमुखी हनुमान ...

एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर गिरीश शर्मा ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी निरंतर सेवा कार्य करते रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, भक्तों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा। इस दौरान आशीष वर्मा, हरपाल पटेल, राजेश साहू, अजय कश्यप, गोविंदा, मयंक रजक एवं टकेश्वर साहू सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भगवान परशुराम की प्रतिमा का भव्य अनावरण कलश यात्रा और भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

**भिलाई।** खुर्सीपार स्थित मंगल भवन के पास दीनदयाल पुरम में भगवान परशुराम की प्रतिमा का भव्य अनावरण एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम की शुरुआत अखंड रामायण पाठ के समापन के साथ हुई, जिसके बाद विधि-विधान से भगवान परशुराम की प्रतिमा की स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे उपस्थित रहे और उनके द्वारा प्रतिमा का अनावरण किया गया। साथ ही सर्व समाज के लिए निर्मित मंगल भवन का भी लोकार्पण किया गया।



आयोजन के दौरान महिलाओं द्वारा लगभग 125 कलशों के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिसने पूरे क्षेत्र का माहौल धार्मिक बना दिया। इसके साथ ही सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में शाम को भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा पंडित रवि प्रकाश पांडे एवं अन्य विद्वान आचार्यों द्वारा विधिवत संपन्न कराई गई। आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णु पाठक एवं पार्षद पीयूष मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा, महामंत्री रामलखन मिश्रा सहित दिनेश पांडे, विजय दुबे, प्रमोद पांडे, अजय कुमार मिश्रा , उमेश मिश्रा, संतोष पांडे, अरुण पांडा, नर्मदा प्रसाद मिश्रा, पार्षद विनोद सिंह, कमल किशोर शर्मा, महेश तिवारी, मुकेश सिंह, सुधांशु तिवारी एवं उर्मिला उपाध्याय, मेघा कौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मन में शिक्षा और नेतृत्व का बीज बोना ही शिक्षक का कार्य, सेवानिवृत्ति एक नई शुरुआत

**दुर्ग।** अंजोरा स्थित सेजेस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रिंसिपल डॉ संगीता साहू के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने 25 नवंबर 1986 से अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत की थी। उन्होंने पिछले 1 दिसंबर को प्रिंसिपल की जिम्मेदारी मिली थी। इससे पहले वे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सहायक प्राध्यापिका पद पर थीं। समारोह में लगभग चालीस वर्षों के उनके कार्यकाल, समर्पण और शिक्षा के प्रति योगदान को याद किया गया। विदाई के समय माहौल भावुकता भरा रहा, जहां सबने अपनी यादें साझा की। उनका शिक्षकीय जीवन उपलब्धियों से भरा रहा। उन्हें नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में ऑनरेरी डॉक्टरेट एवार्ड काउंसिल ने कॉन्सेप्ट ऑफ जीरो इन मैथमेटिक्स एंड मॉडर्न टेक्नोलॉजी यानी गणित और आधुनिक प्रौद्योगिकी (मानद) में शून्य की अवधारणा पर शोधकार्य करने के लिए डॉक्टरेट एवार्ड से सम्मानित किया गया था।

**खबर संक्षेप**



## खुर्सीपार में 3.2 किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** खुर्सीपार पुलिस ने 3.200 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 1.60 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार 30 अप्रैल 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि देवार बस्ती स्थित पुराने शराब भट्टी के खंडहर मकान के पास एक युवक गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास प्लास्टिक पैकेटों में रखा कुल 3.200 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। साथ ही एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। कुल जब्त मशरूका की कीमत करीब 1,69,550 रुपए बताई गई है। पूछताछ में आरोपी की पहचान हीरा सिंह (18 वर्ष), निवासी बोल बम चौक, कैनाल रोड, खुर्सीपार के रूप में हुई। आरोपी खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

## चौहान टाउन में बड़ा अग्नि हादसा टला

**भिलाई।** चौहान टाउन में बीएसपी के दमकल टीम की सजगता से एक बड़ी अग्नि दुर्घटना टल गई। डी–2 ब्लॉक के प्रथम तल के फ्लैट में शाम 7:25 बजे अचानक आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंचकर तत्परता से आग को नियंत्रित किया। अग्निशमन अधिकारी विशेष राठी के साथ फायर ब्रिगेड दलफायरमैन एसके मीना, संजीव कुमार व संतोष साहू फायर ब्रिगेड गाड़ी के साथ कुशलता से आग को काबू में किया। यदि तत्परता नहीं परती गई होती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था। बीती शाम हुई इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। श्री धवस ने बताया कि संबंधित फ्लैट का उपयोग स्टोर रूमके रूप में किया जा रहा था, जहाँ कॉस्मेटिक सामग्री, कार्डबोर्ड, कुशन, पैकेजिंग सामग्री, बैटरी एवं किचन पैनल जैसी ज्वलनशील वस्तुएं रखी हुई थीं। उन्होंने लोगों से अपील की कि गर्मी में शॉर्ट सर्किट जैसी घटनाओं की संभावना बढ़ जाती हैं। इसे देखते हुए घरों में केवल प्रमाणित गुणवत्ता के विद्युत तारों का उपयोग करें तथा ओवरलोडिंग से बचें। बता दें कि गर्मी बढ़ने के साथ ही अग्नि हादसे के मामले बढ़े हैं। पिछले करीब 15 दिनों में 50 से ज्यादा शिकायतें सामने आई है। आग लगने की मुख्य वजह शार्टसर्किट को माना जा रहा है। बहरहाल फायर सेफ्टी विभाग द्वारा अग्नि हादसों पर नियंत्रण का प्रयास किया जा रहा है।

## अवैध शराब बेचते आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** उतई पुलिस ने पाटन पुल नहर के पास अवैध रूप से शराब बेच रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 29 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई है। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

**सियासत :** बोरे-बासी दिवस पर सियासी तंज, पूर्व सीएम ने केंद्र और प्रदेश सरकार को घेरा

# प्रदेश में विकास कार्य ठप, गौठानों की स्थिति बदहाल, शिक्षा के क्षेत्र में गिरावटः भूपेश बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ महेश्वरी भवन में कांग्रेस का श्रमिक दिवस आयोजन

देश में आज दो तरह की लड़ाई चल रही है एक तरफ उद्योगपतियों को जमीन दी जा रही है, दूसरी तरफ किसान और मजदूर सीमित संसाधनों में जीवनयापन को मजबूर हैं।" यह तीखा बयान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आयोजित छत्तीसगढ़ की पारंपरिक आहार बोरे-बासी कार्यक्रम मुख्या अतिथि के तौर पर दिया। उन्होंने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की बदहाल स्थिति को लेकर गंभीर सवाल उठाए। यह आयोजन नगर के महेश्वरी भवन में किया गया। जहां कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भूपेश बघेल रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे एवं गुरुदयाल सिंह बंजारे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राज्यगीत से हुई, इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। जनपद पंचायत की पूर्व अध्यक्ष रीना मिथिलेश वर्मा ने स्वागत भाषण देते हुए आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

इस दौरान आगे अपने संबोधन में भूपेश बघेल ने कहा कि पहले श्रमिक दिवस केवल औद्योगिक क्षेत्रों तक सीमित था, लेकिन उनकी सरकार ने इसे "बोरे-बासी दिवस" के रूप में गांव-शहर तक पहुंचाया।





उन्होंने अपने कार्यकाल की योजनाओं का उल्लेख करते हुए छत्तीसगढ़ को किसानों और मजदूरों के लिए मॉडल राज्य बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों को रेखांकित किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, महंगाई और रोजगार के मुद्दों पर केंद्र सरकार की आलोचना की वही उन्होंने बताया कि डीजल पेट्रोल की कीमत केंद्र की नाकामी के चलते बढ़ेगी । उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल में किसान परेशान हैं और विकास कार्य ठप पड़ गए हैं। उन्होंने गौठानों में अव्यवस्था, पारंपरिक संस्कृति पर असर और शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में गिरावट जैसे मुद्दों को भी उठाते हुए कहा कि इससे प्रदेश की प्रगति प्रभावित हो रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रविंद्र चौबे ने भूपेश सरकार की योजनाओं की सराहना की और कहा कि आने वाला समय परिवर्तन का है। उन्होंने किसानों को जागरूक होने का आह्वान किया।

### सैकड़ों कार्यकर्ताओं की रही मौजूदगी

इस अवसर पर जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष वंशी पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवदत्त वर्मा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रांजल तिवारी,कांग्रेस नेता अवनीश राघव, सनत धर दीवान ,अविनाश तिवारी, प्रवीण चौबे, रवींद्र वर्मा ,राजेंद्र वर्मा, ऋषभ वर्मा ,शत्रुघ्न साहू ,मुकेश वर्मा, घासी वर्मा, नेमी वर्मा ,रोमन वर्मा ,प्रज्वल वर्मा, अखिलेश तिवारी ,वाहिद रवानी, कविता साहू , रूबी सलूजा ,सुनील नामदेव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर श्रमिक दिवस को उत्साहपूर्वक मनाया।

### शहर आगमन पर भूपेश बघेल का भव्य स्वागत

शहर आगमन पर भूपेश बघेल का पुराना बस स्टैंड, सिग्नल चौक में रीना मिथिलेश वर्मा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। आतिशबाजी और नारेबाजी के बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका अभिनंदन किया। पूरे आयोजन के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

# मासूम से दरिंदगी की कोशिश आरोपी भेजा गया जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

बेमेतरा जिले के परपोड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक 7 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। इस घटना को लेकर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार को एक 7 वर्षीय मासूम अपने घर में खेल रही थी। तभी गांव के ही रेखराम वर्मा 40 वर्ष ने मासूम को अकेला पाकर उसे आम खिलाने का लालच दिया और बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। सुनसान जगह पाकर आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। आरोपी के चंगुल में फंसी मासूम ने किसी तरह साहस दिखाया और वहां से भाग निकलने में सफल रही। घर पहुंचकर उसने अपनी मां को पूरी आपबीती सुनाई, जिसके बाद परिजनों ने तत्काल परपोडी थाने पहुंचकर मामला दर्ज कराया। परपोड़ी पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल घेराबंदी कर आरोपी रेखराम वर्मा को हिरासत में लिया। पुलिस ने


7 साल की मासूम से दुष्कर्म का प्रयास, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर बेमेतरा जिला न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग

इस निंदनीय कृत्य की क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने कड़े शब्दों में भर्त्सना की है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अपराधियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में कोई ऐसी हिमाकत न कर सके।

# ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ 10वीं में वेदिति ध्रुव ने हासिल किया जिले में 8वां स्थान

ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल ने वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता एक बार फिर सिद्ध कर दी है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं, 10वीं, 8वीं एवं 5वीं सभी स्तरों पर उल्लेखनीय सफलता हासिल कर जिले में अपनी अलग पहचान बनाई है। इस उपलब्धि से विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल है, वहीं अभिभावकों और शिक्षकों में भी खुशी की लहर है। 10वीं में वेदिति ध्रुव ने किया टॉप, कई छात्र-छात्राएं 90% पार हाई स्कूल (कक्षा 10वीं) परीक्षा में वेदिति ध्रुव ने 95.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में 8वां स्थान हासिल किया। रिद्धि भुवाल (94.83%) दूसरे एवं सोनल साहू (94.67%) तीसरे स्थान पर रहीं। सोनम साहू ने जिले में 10वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

अन्य मेधावी विद्यार्थियों में रुचि देवांगन (93.83%) और जय कौर पिलानिया (90.33%) शामिल रहीं। कक्षा 10वीं में कुल 114 विद्यार्थियों में से 71 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। 12वीं में सभी संकायों में सराहनीय प्रदर्शन हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) में भी विद्यार्थियों ने सभी संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गणित से आरुष्मिता शर्मा (91.6%), जीव विज्ञान से संस्कृति वर्मा (88.2%), कला से अनुष्का वर्मा (87.6%), कृषि से प्रखर शर्मा (87.2%) तथा कॉमर्स से वैभव छाबड़ा (85.4%) ने अपने-अपने संकाय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। 8वीं में 100% परिणाम, 118 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण पूर्व माध्यमिक प्रमाणपत्र (कक्षा 8वीं) परीक्षा में विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कुल 128 विद्यार्थियों में से 118 प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। आयुष शर्मा (97.33%) प्रथम, ट्विंकल गायकवाड़ (97%) द्वितीय, काशवी वर्मा (96.5%) तृतीय स्थान पर रहीं। अंजू पटेल एवं खोमेश्वर वर्मा (95.5%) संयुक्त रूप से चतुर्थ तथा अतुल्य साहू (95.17%) पंचम स्थान पर रहे। कक्षा में 20 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए।

### 5वीं में भी कई छात्रों को मिले 97% से ऊपर

प्राथमिक प्रमाणपत्र (कक्षा 5वीं) परीक्षा में भी विद्यालय ने शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। सुशांत शुक्ला ने 99% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। छाया साहू (98.5%) द्वितीय एवं कनिश वर्मा (98%) तृतीय स्थान पर रहे। खिलेश्वरी यादव (97.5%) चतुर्थ तथा आयुष वर्मा, भाविका अग्रवाल, डॉली वर्मा, एकता राजपाल, खुशाली देवांगन एवं मीनल यादव (97%) संयुक्त रूप से पंचम स्थान पर रहे। इस कक्षा में 42 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 125 में से 124 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

### प्राचार्य व डायरेक्टर ने दी बधाई

विद्यालय के प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। वहीं विद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयास का परिणाम है। भविष्य में भी विद्यालय उत्कृष्ट परिणामों की परंपरा को आगे बढ़ाता रहेगा।

# गौ संरक्षण के लिए कोई ठोस कदम नहीं, भाजपा हिंदुत्व के नाम पर केवल राजनीति करती हैः छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ गौ सुरक्षा आंदोलन को कांग्रेस का समर्थन, सरकार पर साधा निशाना

गौवंश की सुरक्षा, देखभाल और खान-पान की समुचित व्यवस्था की मांग को लेकर जनपद सदस्य दीपक दिनकर द्वारा किए जा रहे धरना-प्रदर्शन को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने समर्थन दिया। वे प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे और कांग्रेस की ओर से आंदोलन को पूर्ण समर्थन देने के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ निभाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए आशीष छाबड़ा ने कहा कि सनातन धर्म में गौ माता का विशेष महत्व रहा है, लेकिन वर्तमान में गौवंश की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार हिंदुत्व के नाम पर केवल राजनीति कर रही है, जबकि वास्तविक रूप से गौ संरक्षण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। छाबड़ा ने कहा कि पूर्व कांग्रेस सरकार के समय गौठान योजना और गोबर खरीदी के माध्यम से गौपालकों को



आर्थिक रूप से मजबूत किया गया था, जिससे गौवंश की देखभाल बेहतर ढंग से हो रही थी। लेकिन वर्तमान सरकार में गोबर खरीदी बंद होने से गौपालक मजबूर होकर पशुओं को खुला छोड़ रहे हैं, जिससे फसल नुकसान और दुर्घटनाओं की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने बेमेतरा विकासखंड के झिरिया गांव की घटना का भी उल्लेख किया, जहां बीते वर्ष बड़ी संख्या में गायों की भूख-प्यास से मौत हो गई थी। उन्होंने कहा कि उस समय प्रशासन द्वारा सुधार के आश्वासन दिए गए थे, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में कांग्रेस नेता ललित विश्वकर्मा, प्रांजल तिवारी, कविता साहू, मिथिलेश वर्मा, हरीश साहू, शशि प्रभा गायकवाड़, राजू साहू, रीता पांडे, शकुंतला साहू, रूबी सलूजा, योगिता साहू, हेमिन यादव, दीपक दिनकर, शुभम गंधर्व, सनत धर दिवान, सीताराम यादव, टोकेश्वर साहू, छोटे लाल साहू, ऋषि वर्मा, नारायण छाबड़ा, रोमन वर्मा, अनिल दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाला युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भिलाई।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र में राहगीरों को धारदार हथियार दिखाकर डराने-धमकाने वाले एक युवक को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से हथियार जब्त कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार 30 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली कि जवाहर नगर रामलू चौक के पास एक युवक हाथ में धारदार हथियार लेकर लोगों को भयभीत कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, लेकिन उसे तुरंत पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रवि विश्वकर्मा (20 वर्ष), निवासी खुर्सीपार गौतम नगर सन्यासी गली, बताया। उसके पास से एक धारदार हथियार बरामद किया गया। मामले में धारा 25 और 27 आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## आपसी विवाद में युवक घायल

**अण्डा/भिलाई।** थाना अण्डा क्षेत्र के ग्राम अण्डा में देर रात आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। झड़प के दौरान कटरबाजी की घटना में जनक चंद्राकर समेत कई युवक घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल दुर्ग में भर्ती कराया गया।

# ध्रुव और जड़ भरत के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

समीपस्थ ग्राम लोधी कांपा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन गुरुवार को कथा वाचक गोपाल शरण देवाचार्य ने श्रद्धालुओं को ध्रुव और जड़ भरत की प्रेरणादायक कथाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। दोपहर दो बजे से प्रारंभ हुई कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।




कथा के दौरान देवाचार्य ने भागवत के तृतीय स्कंध के 21वें अध्याय का उल्लेख करते हुए कर्दम ऋषि और देवहूति के पावन प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि ब्रह्मा जी की छाया से उत्पन्न कर्दम ऋषि को सृष्टि विस्तार का दायित्व मिला था। इसी क्रम में महाराज मनु अपनी कन्या देवहूति के साथ कर्दम ऋषि के आश्रम पहुंचे और दोनों का विवाह संपन्न हुआ। आगे चलकर देवहूति के गर्भ से भगवान कपिल मुनि ने अवतार लिया, जिन्होंने सांख्य योग का उपदेश दिया। कथा वाचक ने जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पूर्व यह अवश्य विचार करना चाहिए कि वहां अपने इष्ट या गुरु का सम्मान बना रहेगा या नहीं। यदि अपमान की आशंका हो, तो वहां जाना उचित नहीं चाहे वह स्थान अपने ही परिवार का क्यों न हो।

### जड़ भरत की कथा, साधना में मोह है बाधक

कथा के अंत में जड़ भरत की कथा सुनाते हुए देवाचार्य ने बताया कि ऋषभदेव के ज्येष्ठ पुत्र भरत ने राज्य त्यागकर वनवास ग्रहण किया, लेकिन एक हिरण के प्रति मोहवश उनका मन भटक गया। मृत्यु के समय उसी चिंतन के कारण उन्हें अगले जन्म में हिरण योनि प्राप्त हुई।

हिरण शरीर में भी उन्हें पूर्व जन्म का ज्ञान रहा और अंततः उन्होंने परमात्मा का स्मरण करते हुए देह त्याग दी। तीसरे जन्म में वे अंगिरस ब्राह्मण कुल में उत्पन्न हुए और जड़ भरत के नाम से विख्यात हुए। जड़ भरत के जीवन से यह संदेश मिलता है कि साधना में भी मोह बाधक बन सकता है, इसलिए मन को सदैव ईश्वर भक्ति में स्थिर रखना चाहिए। कथा के दौरान भक्ति, ज्ञान और वैराग्य के प्रसंगों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। अंत में आरती एवं प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने मेधावी छात्रा ओमनी वर्मा का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित सीजी बोर्ड परीक्षा परिणाम में बेमेतरा शहर के बेटी पिकरी निवासी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा की मेधावी छात्रा ओमनी वर्मा ने 98.20 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया है।

इस शानदार उपलब्धि पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने उनके निवास पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पूर्व विधायक ने कहा कि पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करना अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। ओमनी वर्मा ने न केवल



अपने परिवार का नाम रोशन किया है, बल्कि पूरे बेमेतरा जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि यह सफलता उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन, समर्पण और अटूट आत्मविश्वास का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद जिस लगन और दृढ़ निश्चय के साथ ओमनी ने अध्ययन किया, वह आज के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। यह उपलब्धि यह संदेश देती है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और उसे पाने का जुनून हो, तो किसी भी बाधा को पार कर सफलता हासिल की जा सकती है।

श्री छाबड़ा ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान ग्रामीण एवं सामान्य परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इसे दूरदर्शी सोच का परिणाम बताते हुए कहा कि अब हर घर का बच्चा बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। होगा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रीता पांडे, मिनटा नामदेव सहित वार्डवासी एवं परिजन उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

# सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

## प्रथम उपहार 1 कार



### द्वितीय उपहार
3 नग बाईक



### तृतीय उपहार
10 नग LED TV



### चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज



### पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन



### छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा



### सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन



### आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग



### नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट



### दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स



### ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार



**नियम एवं शर्तें :-** ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।

**आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें**

**हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर**

**फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740**